**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 26.10.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज आईआईटी भिलाई और आयुष विश्वविद्यालय नवा रायपुर के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं।**
- **राज्य सरकार निर्माण श्रमिकों के लिए तीन नई योजनाएं शुरू करेगी।**
- **रायगढ़ जिले में बीती रात तीन हाथियों की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।**

**राष्ट्रपति—आईआईटी भिलाई / आयुष विवि—01**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे और अंतिम दिन आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान—आईआईटी भिलाई और नवा रायपुर में स्थित स्वास्थ्य विज्ञान और आयुष विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। आईआईटी भिलाई के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने सात विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। वहीं, वर्ष दो हजार तेईस और चौबीस में स्नातक करने वाले तीन सौ छियानवे विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती आदिवासी परंपरा और संस्कृति से समृद्ध है।

इस मौके पर राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि आईआईटी भिलाई की स्थापना ने राज्य की तकनीकी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही कमी को पूरा किया है। यह संस्थान राज्य के लोगों के लिए प्रत्यक्ष, सामाजिक और आर्थिक प्रासंगिकता के मुद्दों पर राज्य सरकार की विभिन्न शाखाओं के साथ कार्य कर रहा है।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह समय तकनीक का समय है, जिस देश और प्रदेश के पास तकनीक की ताकत होगी, वह उतनी ही तेजी से विकास करेगा। इस अवसर पर आईआईटी भिलाई के बोर्ड ऑफ गर्वनर के अध्यक्ष के. वेंकटरमन और संस्थान के डायरेक्टर प्रोफेसर राजीव प्रकाश भी उपस्थित थे।

**राष्ट्रपति—आईआईटी भिलाई / आयुष विवि—02**

दोपहर बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नवा रायपुर के आयुष विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने तैंतीस विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया। समारोह के दौरान छह विद्यार्थियों को सुपर स्पेशलिस्ट की उपाधि प्रदान की गई। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सभी चिकित्सकों को अपने पेशेवर जीवन के कुछ वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों को समर्पित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में जड़ी—बूटियों का अकूत भंडार है। इसका ड्रॉक्यूमेंटेशन करने के साथ ही इस पर आधारित शोध को बढ़ावा देना चाहिए। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी शामिल हुए।

**राष्ट्रपति—छत्तीसगढ़**

इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और राज्यपाल रमेन डेका ने आज रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में महाप्रभु श्री जगन्नाथ भगवान की पूजा—अर्चना कर प्रदेशवासियों सहित देशवासियों की समृद्धि और सुख—शांति की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी उपस्थित थे। वहीं, राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नवा रायपुर स्थित निवास परिसर में बेल का पौधा लगाया। राज्यपाल रमेन डेका ने आंवला के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू के स्वागत में जशपुर जिले से आए करमा नर्तक दल ने मनमोहक शैली में नृत्य प्रस्तुत किया।

**राष्ट्रपति—मुक्तांगन**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित कार्यक्रम में आदिमजाति विभाग द्वारा प्रकाशित तीन पुस्तकों – 'आदि नारीः आदिवासी महिलाओं की अस्मिता और गौरव गाथा, वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शिका' और पोदड़गुमा पेन करसाड का विमोचन किया। इस मौके पर राज्यपाल रमेन डेका ने राष्ट्रपति को पुस्तकों की प्रतियां भेंट कीं। ये पुस्तकें छत्तीसगढ़ की जनजातीय

संस्कृति, महिला सशक्तिकरण और वन अधिकारों की सुरक्षा पर केंद्रित हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू पुरखौती मुक्तांगन में छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदायों की जीवन–पद्धति, खानपान, लोकनृत्य, संगीत, लोकवाद्यों, कलाओं, रीति–रिवाजों, तीज–त्यौहारों और अन्य परंपराओं से काफी प्रभावित हुईं। छत्तीसगढ़ के अपने दो दिवसीय दौरे के बाद राष्ट्रपति आज शाम नई दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति को भावभीनी विदाई दी।

**श्रमिक योजना**

राज्य सरकार निर्माण श्रमिकों के लिए तीन नई योजनाएं शुरू करेगी। इसका अनुमोदन श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की अध्यक्षता में नवा रायपुर में हुई संचालक मंडल की बैठक में लिया गया। इन योजनाओं में श्रमिकों के बच्चों के कौशल विकास के लिए निर्माण मजदूर परिवार सशक्तिकरण योजना, श्रमिकों के बच्चों को उच्च शिक्षण संस्थानों की प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग योजना और श्रमिकों के बच्चों के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना शुरू होगी। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु और दिव्यांग सहायता योजना के तहत अब अपंजीकृत निर्माण श्रमिक की कार्यस्थल पर मृत्यु होने पर भी उनके परिजनों को एक लाख रूपये की सहायता राशि दी जाएगी। अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना की प्रक्रिया राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर एक नवंबर को शुरू हो जाएगी। इसके अलावा राज्य के सभी जिलों में श्रम अन्न योजना भी शुरू की जाएगी।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ पंद्रहवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा। मन की बात कार्यक्रम, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में इसे प्रसारित किया जाएगा।

**हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन**

श्रोताओं, कल रविवार को **''हल्बी'' और ''गोण्डी''** बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

**जिले की चिट्ठी**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''सारंगढ़–बिलाईगढ़''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

**रायगढ़–हाथी मौत**

रायगढ़ जिले में बीती रात तीन हाथियों की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई है। बताया जाता है कि घरघोड़ा–तमनार वन परिक्षेत्र की सीमा से लगे क्षेत्र में ग्यारह हजार केवी का तार टूटकर गिर गया था, जिसकी चपेट में ये तीनों हाथी आ गए। इस घटना में एक शावक सहित तीन हाथियों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

**रायपुर दक्षिण–उपचुनाव**

रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लिए हो रहे उपचुनाव से संबंधित प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं। इस उपचुनाव के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक जी. रेखा रानी ने आज सेजबहार के इंजीनियरिंग कॉलेज में स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। वहीं, व्यय प्रेक्षक कनुप्रिया दमोर ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें राजनीतिक कार्यक्रमों तथा रैलियों की वीडियोग्राफी करने के साथ ही निर्वाचन

संबंधी खर्चों पर नजर रखने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक श्रीमती दमोर और पुलिस प्रेक्षक करण शर्मा ने चेक प्वॉइंट का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को संदिग्ध वाहनों की जांच करने के निर्देश दिए।

**संक्षिप्त समाचार–**

– नवा रायपुर में आयोजित नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप का आज समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में बीस राज्यों की टीम ने हिस्सा लिया। पंजाब की टीम इसमें चैंपियन बनी। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

– उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर जिले के खरोरा में बीस करोड़ रुपए से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

– दुर्ग के मोहन पारा नगर इलाके में स्थित शांति पारा में आज एक व्यक्ति ने दो युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला किया। इस हमले में एक युवक की मौत हो गई है।

– कोरबा जिले के गेवरा में रेलवे लाइन निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी धंसने से एक कर्मचारी की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>